छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड

(छत्तीसगढ़ शासन का उपक्रम)

(ISO 9001:2015 Certified)

प्रथम तल उद्योग भवन, रिंग रोड क्र.–1, तेलीबांधा रायपुर 492006 (छत्तीसगढ)

CIN : U45203CT1981SG001853, PAN : AABCM6288N, GST No. 22AABCM6288N5ZY

दूरभाष : कार्यालय– 0771–6621000 फैक्स– 0771–2583794

Website : www.csidc.in, Email address:csidc.cg@nic.in, csidc_raipur@yahoo.com

अल्पकालीन निविदा सूचना

निविदा क्र. 09 / सीएसआईडीसी / का.अ. / संभाग–03 / 2019–20 रायपुर, दिनांक 10 / 12 / 2019

नेशनल ट्रॉईबल डांस फेस्टिवल–2019 के आयोजन हेतु साईंस कॉलेज मैदान, रायपुर में दिनांक 27 से 29 नवम्बर 2019 की अवधि में निम्न कार्य हेतु इस क्षेत्र / कार्य की संबंधित अनुभवी एजेन्सियों से दिनांक 20 / 12 / 2019 अपरान्ह 3.00 बजे तक कार्यपालन अभियंता, तकनीकी कक्ष, संभाग–3 सीएसआईडीसी कार्यालय, उद्योग भवन, रिंग रोड़ क्रमांक–1, तेलीबांधा, रायपुर के अंतर्गत तीन लिफाफा पद्धति (03 Envelop System) में निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा उसी दिन दिनांक 20 / 12 / 2019 को उपस्थित निविदाकारों के समक्ष अपरान्हः 3.30 बजे खोली जायेंगी।

सरल क्र.	कार्य का विवरण	अमानत राशि सह निविदा सुरक्षा निधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य (GST सहित)
1	नेशनल ट्रॉईबल डांस फेस्टिवल–2019 के अंतर्गत साईंस कॉलेज मैदान, रायपुर में फन पार्क (झूले एवं मीनाबाजार) की स्थापना हेतु एजेंसी की नियुक्ति का कार्य।	50,000 / –	885 / –

शर्तें :–

(1) कोरे निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की पात्रता केवल उन्हीं ठेकेदारों को होगी जिन्होंने पिछले 03 वर्षों में समान प्रकृति के कम से कम राशि रू. 2.00 लाख अथवा कुल छोटे बड़े 12 झूले एवं कम से कम 20 दुकानों की लागत के दो कार्य किसी भी शासकीय विभाग / अर्धशासकीय विभाग / सार्वजनिक उपक्रम के अंतर्गत राज्योत्सव, कुम्भमेला एवं अन्य मेलों / प्रदर्शनी या समारोहों के लिये सफलता पूर्वक पूर्ण किये हो। इसके लिए उन्हें सक्षम अधिकारी स्तर से पूर्ण किये गये कार्य की लागत के प्रमाण सहित सफलतापूर्वक कार्य पूर्ण करने का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। साथ ही पिछले 03 वित्तीय वर्षो (2015–16, 2016–17, 2017–18 एवं 2018–19 में से कोई तीन वित्तीय वर्ष) का आयकर चुकता प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना भी अनिवार्य होगा।

(2) निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन के साथ आवेदक को अपनी संस्था / दुकान का पंजीयन प्रमाण पत्र एवं जी.एस.टी. (GST) हेतु पंजीयन प्रमाण तथा PAN CARD की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

(3) अमानत राशि सह निविदा सुरक्षा निधि किसी भी मान्यता प्राप्त बैंक के डिमांड ड्राफ्ट, जो कि प्रबंध संचालक, सीएसआईडीसी, रायपुर के पक्ष में देय हो, निविदा प्रपत्र के साथ अलग से लिफाफे में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

(4) उपरोक्त के अतिरिक्त कार्य के संबंध में अन्य आवश्यक जानकारी सीएसआईडीसी तकनीकी कक्ष, संभाग–3 कार्यालय, उद्योग भवन, सोनाखान भवन के सामने, रिंग रोड़ क्रमांक–1, पुरैना, रायपुर से प्राप्त की जा सकती है।

(5) तीन लिफाफा पद्धति (03 Envelop system) के अंतर्गत प्रत्येक लिफाफे (1, 2 एवं 3) पर कार्य का नाम एवं निविदा क्रमांक सहित,

लिफाफा क्र.(1) में – अमानत राशि सह निविदा सुरक्षानिधि (डिमांड ड्राफ्ट के रूप में)।

लिफाफा क्र.(2) में – संस्था / दुकान का पंजीयन प्रमाण पत्र एवं जी.एस.टी. (GST) हेतु पंजीयन प्रमाण तथा PAN CARD की छायाप्रति। पिछले तीन वर्षो में किये गये समान प्रकृति एवं वांछित आकार अथवा राशि के कार्यो के कार्यादेश एवं फोटोग्राफ्स के साथ संबंधित विभाग के सक्षम अधिकारी से जारी एवं सत्यापित अनुभव प्रमाण पत्र।

लिफाफा क्र. (3) में – निर्धारित निविदा प्रपत्र में (Lum-Sum) वित्तीय दरों का प्रस्ताव।

(6) कोरे निविदा प्रपत्र सीएसआईडीसी, तकनीकी कक्ष, कार्यपालन अभियंता, संभाग–03 कार्यालय, उद्योग भवन, रिंग रोड़ क्रमांक–1, तेलीबांधा, रायपुर से कार्यालयीन दिवस में निविदा प्रपत्र का निर्धारित मूल्य नगद भुगतान कर दिनांक 19 / 12 / 2019 को अपरान्हः 2.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।

(7) सर्वप्रथम लिफाफा क्रमांक–1 खोला जायेगा एवं अमानत राशि की जांच की जायेगी एवं सही पाये जाने की स्थिति में लिफाफा क्रमांक–2 खोला जायेगा, तथा अनुभव प्रमाण पत्र, एवं अन्य आवश्यक प्रपत्रों की जांच की जायेगी। लिफाफा क्र. 1 एवं 2 में वांछित प्रपत्र एवं अर्हता उचित पाये जाने की स्थिति में ही संबंधित आवेदकों का लिफाफा क्रमांक–3 खोला जायेगा।

(8) निविदाएं सीएसआईडीसी, तकनीकी कक्ष, कार्यपालन अभियंता, संभाग–03 कार्यालय, उद्योग भवन, रिंग रोड़ क्रमांक–1, तेलीबांधा, रायपुर की निविदा पेटी में ही डालनी होगी। डाक अथवा कोरियर द्वारा प्राप्त निविदाएं स्वीकार नही की जायेंगी।

(9) निगम द्वारा निर्धारित शर्तो एवं मापदंडो के अनुसार ही निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की पात्रता होगी।

(10)निविदा प्रकाशन में टंकण आदि की त्रुटि होने पर मूल अभिलेख ही मान्य होंगे।

(11)निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन हेतु सूचना का प्रकाशन सीएसआईडीसी की वेबसाईट www.csidc.in पर ही किया जायेगा एवं किसी भी अखबार में सूचना का प्रकाशन नही किया जायेगा।

(12)कोई भी या सभी निविदायें स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार प्रबंध संचालक के पास सुरक्षित रहेगा।

कार्यपालन अभियंता

संभाग–03